मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-198
13/04/2021

झारखण्ड के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद साइमन मरांडी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 13 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने झारखण्ड के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद साइमन मरांडी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व0 साइमन मरांडी झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्य थे। पाँच बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके स्व0 साइमन मरांडी की छवि एक जनप्रिय नेता की रही। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******